>

Title : The Minister of Parliamentary Affairs, Minister of Science and Technology and Minister of Earth Sciences made a statement regarding Government Business for the week commencing the 14th March, 2011 and submissions made by Members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND MINISTER OF EARTH SCIENCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 14th of March, 2011, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.

2. Discussion and Voting on the Demands for Grants for 2011-12 under the control of the Ministry of:-

    1. Rural Development
    2. External Affairs
    3. Mines
    4. Road Transport and Highways

3. Submission to the Vote of the House of outstanding Demands for Grants in respect of Budget (General) for 2011-12 at 6.00 p.m. on 17.3.2011.

4. Introduction, consideration and passing of the Appropriation (No.2) Bill, 2011.

Consideration and passing of the Coinage Bill, 2009.

***श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** अध्यक्ष महोदया, मैं अनुरोध करता हूं कि आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाए:-

(1) देश के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे ऐसे वाद, जो धरना, प्रदर्शन से संबंधित हैं, जिनके फैसले एक समय सीमा के अंतर्गत नहीं आते हैं, को समाप्त किए जाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया में सुधार किए जाने से संबंधित विषय।

(2) देश के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन ऐसे वाद, जिनमें सभी एक्यूज़ एक साथ उपस्थित नहीं होते अथवा उनमें से कुछेक अनुपस्थित रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय का समय बर्बाद होने के साथ-साथ वाद के निपटान में भी अनावश्यक विलम्ब होता है, को दूर किए जाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया में सुधार किए जाने से संबंधित विषय।

**श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर):** अध्यक्ष महोदया, आपसे निवेदन है कि निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किए जाने हेतु अनुमति प्रदान की जाए :-

(1) महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली चिमुर आदिवासी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नागभीड़ से नागपुर छोटी रेल लाइन, जो चन्द्रपुर व नागपुर जिलों से होकर गुजरती है, को बड़ी रेल लाइन में परिवर्तित किए जाने के बारे में।

(2) महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली आदिवासी बाहुल्य जिले की तालुका धानोरा में कारवापा और तालुका मूलचेरा में चन्ना लघु सिंचाई प्रोजेक्ट को वन संरक्षण अधिनियम के अधीन शीघ्र स्वीकृति प्रदान किए जाने के बारे में।

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** अध्यक्ष महोदया, आपकी अनुमति से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाए :-

(1) बिहार के नवादा जिले को क्रोनिक सुखाड़ जिला घोषित कर आम जनगण को सामाजिक, आर्थिक जीवन की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार विशिष्ट व्यवस्था करे।

(2) बिहार में 90,000 करोड़ रुपए की विद्युत परियोजना केन्द्र सरकार के विद्युत मंत्रालय के सामने कार्यान्वयन के लिए बिहार सरकार ने जो प्रस्ताव रखा है, उसकी स्वीकृति पर केन्द्र सरकार विचार करे।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. बिहार राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बकाया स्वीकृत राशि का भुगतान दिए जाने की आवश्यकता।

2. बिहार राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़ाए जाने एवं केंद्रीय पूल से 500 मेगावाट की विद्युत आपूर्ति दिए जाने की आवश्यकता।

**श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. उड़ीसा के क्योझर जिले के जोडा ब्लाक अंतर्गत कालीमाटी से डेकानाल जिले के कांकडा हाड वाया बासपाल तेलबोई तक पिछड़े इलाकों से निकलने वाले मार्ग को जो रेल मार्ग की सुविधा से वंचित है, को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए।

2. चक्रधरपुर रेलवे डिविजन अंतर्गत बादाम पहाड़ से बांगरीपोसी ब्राडगेज रेलवे लाइन को क्योझर तक जोड़ने का कार्य।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Madam, I would request to include the below mentioned subjects in the agenda for next week's business of Lok Sabha.

1 The serious issues faced by the abroad Indian workers registered as *huroobs* (those who do not have required work documents) in the Kingdom of Saudi Arabia.

2 The increasing incidents of atrocities on the women and children in the country.

**श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में इन्फालसिस बीमारी से संबंधित अनुसंधान केंद्र की स्थापना का।

2. उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरहज के पास पड़ी बेकार भूमि पर रेलवे यार्ड या रैक बनाने का कार्य।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam, I want to submit that the following items may be included in the next week's agenda.

1 One bye-pass at Panagarh at National Highway No.2, in West Bengal has not been constructed. Widening NH-2 at that place is not possible because a number of structures are to be dismantled. There happens serious traffic congestion. Hence I demand that one bye-pass at NH-2, be immediately undertaken.

2 There is a Railway over bridge at Burdwan – Katwa road at Burdwan in West Bengal. The over bridge is in a dilapidated condition. It causes much traffic congestion. So, the Railway Board should come forward to build a four-lane over bridge there immediately.

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित वित्त विहिन माध्यमिक विद्यालय को भारत सरकार

से यथाशीघ्र वित्त पोषण कर धनराशि उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता के

संबंध में।

2. देश के तीन महत्वपूर्ण राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार तथा मध्य प्रदेश के सिंचाई से संबंधित करीब 25 वर्षों से लम्बित पड़े बाण सागर परियोजना को भारत सरकार के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम योजना के अंतर्गत यथाशीघ्र धनराशि उपलब्ध करा कर कार्य कराए जाने की आवश्यकता।

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. पूर्व-मध्य रेलवे अंतर्गत बरौनी जंक्शन तक आने वाली दिल्ली-बरौनी, वैशाली एक्सप्रेस का विस्तार बरौनी से सहरसा तक किया जाए।

2. पूर्व-मध्य रेलवे अंतर्गत सहरसा जंक्शन तक आने वाली दिल्ली-सहरसा, पूरवीया एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन के बदले तीन दिन किया जाए।

----------